सार-समाचार

विभिन्न लम्बित मांगों को लेकर महापड़ाव दो को

लक्ष्मणगढ़ (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) उपशाखा नेछवा के अध्यक्ष अशोक कस्वाँ ने प्रेस विज्ञप्त जारी कर बताया ।कि संगठन की बैठक गुरुवार को रैगर समाज धर्मशाला में आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि मीटिंग कि बैठक में तय किया गया कि राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) 2 जून को राजधानी में महापड़ाव डालेगा। मीटिंग की अध्यक्षता झाबरमल नायक ने की। जिलाध्यक्ष विनोद पूनिया, जिला मंत्री फारूक अली खान, ब्लॉक मंत्री महेश बुगालिया ने बताया कि आंदोलन की शुरुआत वाहन जत्था यात्रा से की गई। यह यात्रा फतेहपुर से शुरू होकर सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर पहुंचकर शिक्षकों को आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही 27 मई को सीकर से जयपुर तक पैदल कूच के लिए भी जागरूक किया गया। शिक्षक संघ की प्रमुख मांगों में तृतीय श्रेणी स्थानांतरण,बकाया डीपीसी, एनपीई 2020 का विरोध, गैर शिक्षक कार्यों से मुक्ति और ओपीएस की स्थिति को यथावत रखना शामिल हैं। बैठक को जिलाध्यक्ष विनोद पूनिया,जिलामंत्री फारुख अली, जिला संघर्ष समिति संयोजक रामावतार फगेड़िया ने भी संबोधित किया। इस मौके पर फतेहपुर ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, महेश गढ़वाल, हजारी लाल रेगर, विजय कुमार, महेंद्र रणवा, मनोहर सिंह, मदन लाल, सुखदेव वर्मा, बिरमाराम, विजय सैनी, श्रवण कुमार, श्यामलाल सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

बोर्ड टॉपर्स का स्वागत किया

सादुलपुर, (निसं)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान सांखू रोड स्थित राजस्थान पब्लिक स्कूल सादुलपुर में शुक्रवार को राजस्थान बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कला वर्ग एवं विज्ञान वर्ग के टॉपर्स बच्चों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया गया तथा मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। संस्थान प्रबंध निदेशक डॉ दीपचंद साहू की अध्यक्षता में हुए एक सामान्य कार्यक्रम में कला वर्ग में टॉपर शालिनी जांगिड 94 प्रतिशत, विज्ञान वर्ग में टॉपर काजल 93 प्रतिशत, नवीन रतनपुरा 91 प्रतिशत, आर्यन शर्मा 91 प्रतिशत के साथ साथ 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, सुभीता गगोर, अन्नू नेहरा, अनुज कुमार, प्रियंका, नवीन, भूमिका आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुकेश साहू, सूर्य प्रकाश साहू, प्राचार्य अनिल शास्त्री, सुमेर सिंह बडसरा, महेंद्र टुहानिया, पंकज मल, पूजा, नीतू शुक्ला, सुनीता श्योराण, अर्चिता, रणवीर, कृष्ण जांगिड, सुखवीर नेहरा, बलवान सहारण एवं अशोक कुमार नेसल उपस्थित थे।

विद्यालय का नाम रोशन किया

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में केपीएस स्कूल की छात्रा ममता प्रजापत पुत्री श्री एडवोकेट लक्ष्मण राम प्रजापत ने विज्ञान वर्ग में 97.20 प्रतिशत छात्रा कृष्णा पडगड पुत्री हनुमाना राम पडगड ने कला वर्ग में 97 प्रतिशत, तनिषा पुत्री सुनील कुमार ने कृषि विज्ञान में 93.20 तथा वाणिज्य वर्ग में जय प्रजापत पुत्र सुरेश कुमार ने 86.40 प्रतिशत हासिल किया। विद्यालय के 32 विधार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 115 विधार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सस्था निदेशक डॉ.ओमप्रकाश गोदारा ने अच्छे परिणाम के लिए अभिभावकों व शिक्षकों को बहुत बहुत बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के एम.डी. विजय कुमार गोदारा, प्रधानाचार्य रेवन्त राम, कॉलेज प्राचार्य डॉ. यशवीर दैया, रामनिवास घायल , करण सिंह, सुखदेव सिंह, सलीम खान, सुभाष घायल,सुनील शर्मा,जितेंद्र सिंह, देवी सिंह ,विकास शर्मा , कैलाश सांखला,पूनम शर्मा ,किरण शर्मा, रामदेव डूडी,कपिल आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

डीपीएस के कैडेट्स एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

डूंडलोद, (निसं)। डूंडलोद पब्लिक स्कूल डूंडलोद के कैडेट्स अंशु, विधिका, माही, तेजस्विनी, चंचल कंवर, प्रतीक, उत्तम, रणविजय, अभिषेक व आयुष 22 मई से 31 मई 2025 तक सिंघानिया ग्लोबल एकेडमी पलसाना में आयोजित एनसीसी के वार्षिक शिविर में भाग लेने के लिए विद्यालय के एनसीसी एएनओ रमेश जांगिड के नेतृत्व में रवाना हुए। ये सभी कैडेट्स शिविर में कमांडिंग ऑफिसर जेएस लाम्बा तथा सूबेदार मेजर रामावतार के निर्देशन में प्रशिक्षण लेंगे। कैडेट्स को रवाना करने के बाद प्राचार्य धनंजय लाल ने बताया कि ये सभी कैडेट्स एनसीसी शिविर में ड्रील, परेड, गेम्स आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर एनसीसी की बारीकियों को सीखेंगे। विद्यालय सचिव बीएल रणवां ने कहा कि एनसीसी का वार्षिक शिविर इन कैडेटों के लिए आर्मी, नेवी, एयरफोर्स में चयन का प्रथम सौपान है। डीपीएस परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

छात्रों का सम्मान किया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय पी एम श्री श्रीमती भगवान देवी भुवालका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रतनगढ़ में आज कला वर्ग में कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम उत्कृट रहने पर छात्राओं का सम्मान किया गया। संस्था प्रधान गोपाल कंवर ने बताया कि कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहने के साथ ही गुणात्मक परिणाम भी बहुत अच्छा रहा। 46 छात्राओं में 41 प्रथम श्रेणी एवं 5 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण होने के अलावा 18 छात्राएं बालिका प्रोत्साहन में चयनित हुई हैं और 8 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रा नैना शर्मा 92.80,रजनी सुथार 91.60, खुशबू भार्गव 86.60 सहित सभी उत्कृष्ट परिणाम देने वाली छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा साफा और माल्यार्पण कर सम्मान किया एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईइस अवसर पर विद्यालय की सीमा शर्मा, महेंद्र डूडी, सुशीला देवी, मुनकेश सहित काफी संख्या में छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग

रतनगढ़ (निसं)। राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ शाखा रतनगढ़ द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, संस्कृत शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के नाम विभिन्न माँगो को लेकर उपखण्ड अधिकारी रामकुमार वर्मा को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से संस्कृत शिक्षा विभाग के सेवा नियम 1977 एवं 1978 की पालना में 2014 तक की पदोन्नितियों का बैकलॉग भरने, न्यायालय के निर्णयों की पालना सुनिश्चित कराने एवं मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, माननीय न्यायालय के इस सम्बंध में दिए गए विभिन्न निर्णयों की पालना करने एवं वंचितों को डीपीसी का लाभ देने की मांग की है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुरारी लाल शर्मा, विजय कुमार स्वामी, कृष्ण कुमार मीणा, लोकेश महर्षि, पंकज पीपलवा, कैलाश चुलेट सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित थे।

नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय एनएमटी कॉलेज में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के तत्वावधान में छात्राओं को नशा मुक्ति का संकल्प दिलवाया गया। नोडल अधिकारी डॉ. अभिलाषा आबूसरिया ने बताया कि राजस्थान सरकार के इस वर्ष के बजट घोषणा के अनुसार नशा मुक्त राजस्थान की संकल्पना को साकार करने की दिशा में महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया गया है। कॉलेज की 20 छात्राओं का नशा मुक्ति सखी के रूप में चयन किया गया। जो महाविद्यालय एवं समाज में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देगी और नशे से दूर रहने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगी। इस अवसर पर किशोरकुमार, डॉ. रघुराज सिंगोदिया, डॉ. नाथूलाल, रोहिताश कुमार, डॉ. शशिप्रकाश, सुनिता बाबल, कल्पना एवं जगदीश कुमार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

मंत्री को ज्ञापन सौंपकर समस्या बताई

झुंझुनूं, (निसं)। ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को झुंझुनूं दौरे पर आए जलदाय मंत्री कन्हैयालाल को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के सदस्य डॉ. सत्यप्रकाश, चीकू कुलहरि, मनीष बांगड़वा, अनुज नेहरा, रामनिवास गुढ़ा, मनोज, नौरंग, रामदेव, वीरेंद्र और यूनियन प्रवक्ता विकास पायल ने मंत्री को पीड़ा के बारे में अवगत करवाते हुए मांग की। इस पर मंत्री ने स्वयं द्वारा मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, प्यारेलाल ढूकिया समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

'प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने के लिए अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें'

सीकर, (निसं)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शुक्रवार को सीकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और विभागीय कार्यों में और अधिक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

भू-जल मंत्री चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना के तहत प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और प्रत्येक घर तक जल पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। उन्होंने अधीक्षण अभियंता, सीकर को निर्देश दिए कि वे विधानसभावार उन गांवों की सूची तैयार करें, जहां अभी तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। यह सूची संबंधित एसडीएम और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साझा कर समन्वय के साथ कार्य करने और जल आपूर्ति में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करने को कहा। उन्होंने जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा को जल जीवन मिशन के कार्यों की सख्त मॉनिटरिंग करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनप्रतिनिधि स्तर पर भी इन कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से दांतारामगढ़, फतेहपुर, धोद और खंडेला जैसे जल की कमी वाले क्षेत्रों में प्रभावी मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई पर जोर दिया गया।

भू-जल मंत्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसका लक्ष्य अगले 30 वर्षों तक प्रत्येक घर में नल के माध्यम से स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर ग्रीष्मकालीन आकस्मिक योजना के लिए जिलों की मांग के अनुसार पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाए। साथ ही, आपणी योजना के तहत लक्ष्मणगढ़ और फतेहपुर में प्रोजेक्ट के तहत पानी की आपूर्ति की प्रगति रिपोर्ट 15 दिनों में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाइप लाइन बिछाने के बाद सीसी कार्य और उच्च गुणवत्ता की पाइप का उपयोग सुनिश्चित करने तथा ट्यूबवेल की गहराई बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पाइप डालने के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए।

भू-जल मंत्री ने अमृत-2 योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, राज्य सरकार की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों में जल से संबंधित समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। इस पर जिला कलेक्टर ने मुख्य अभियंता को निर्देश दिए कि आगामी सप्ताह में जल जीवन मिशन और अमृत-2 योजना से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की जाए।

बैठक में धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व विधायक सीकर रतन लाल जलधारी, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, गजानंद कुमावत, एडीएम रतन कुमार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, एसई पीएचईडी आर.के. राठी, भूजल वैज्ञानिक दिनेश कुमार सहित विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सीकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली।

'स्वस्थ शरीर के लिए योग की अहम भूमिका'

चूरू (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुर्वेद विभाग की ओर से होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

आयुर्वेद उपनिदेशक सत्यवीर सिंह ने बताया कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला मुख्यालय स्थित नेचर पार्क, इंद्रमणि पार्क, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, आपणी पाठशाला व अग्रसेन नगर पार्क में योगाभ्यास करवाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अग्रसेन नगर पार्क में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतरा जाट व योगाचार्य अरविंद सिंह राठौड़ के नेतृत्व में योग शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतरा जाट व अरविंद सिंह राठौड़ ने अलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार सहित अनेक आसनों का अभ्यास करवाया और शरीर को स्वस्थ रखने के उपायों की जानकारी दी।

इस अवसर पर डॉ. संतरा जाट ने कहा कि व्यक्ति के शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग अत्यधिक जरूरी है। प्रतिदिन योग से शरीर में व्याप्त किसी भी रोग से निजात पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ व्यक्ति को खान-पान का भी विषेष ध्यान रखना चाहिये। आगामी 21 जून तक चलने वाले इस शिविर में दिन-प्रतिदिन लोगों में उत्साह बढ़ रहा है। इस अवसर पर ओमप्रकाश तंवर, हुक्मीचंद गौड, मदनलाल पुरोहित, प्रमोद कुमार, तुलसी देवी, दिनेश स्वामी, सज्जन लाटा, कल्याण सिंह राजपुरोहित, ओम प्रकाश इंदौरिया, रंजना स्वामी, गीता पाटवाल, पार्वती जांगिड, मधु राजपुरोहित, नरेंद्र रक्षक, दुलीचंद सोनी, गोपाल, महेश सहित बडी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चें उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयुर्वेद विभाग की ओर से होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह हुआ। सम्मान समारोह में स्कूल टॉपर विज्ञान वर्ग के मेधावी बलदेव ने 97.80 प्रतिशत अंक व स्नेहा, भूमिका कड़वासरा, ऋतिका, आयुषी, अनुष्का, अमन, यश चौधरी, आशीष, प्रमिला, राहुल कुमार, अजय कुमार, गुंजन, अनुष्का, अमन चौधरी, नमोनारायण मीणा, जिया, प्रेरणा, चेतन रेपस्वाल, प्रियांशु, हिमांशी, धीरज मीणा, कोमल मीणा, रिधि, मनीषा मीणा, अभिजित जांगिड को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रागंण में साफा पहनाकर, तिलकार्चन एवं माल्यार्पण कर अभिभावकगण के साथ मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देकर अपना, अपने परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बलदेव ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार, गुरूजन, माता-पिता को देते हुए कहा कि मेरी उपलब्धि गुरूजनों का आशीर्वाद है।

ज्ञापन सौंपा

रतनगढ़ (निसं)। रेलवे स्टेशन से लेकर तीसरा पुलिया तक बन रहे डिवाइडर के लाखों रुपए के कार्य में लीपापोती कर गुणवत्तापूर्ण काम नहीं किए जाने पर पार्षद रामकिशन माटोलिया ने नगरपालिका अधिशासी अधिकारी सहदेव चारण के नाम भ्रष्टाचार की जांच करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा। पार्षद माटोलिया ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि रेलवे स्टेशन से लेकर तीसरा पुलिया तक सड़क के बीच डिवाइडर बनाने का कार्य चल रहा है, जिसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखते हुए लीपापोती की जा रही है।

संभागीय आयुक्त पूनम ने बी.डी.के. अस्पताल का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं का संभागीय आयुक्त पूनम ने निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त पूनम ने जिला कलेक्टर रामावतार मीणा से अस्पताल का फीडबैक लिया।

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि अस्पताल की ओपीडी लगभग 2500-3000 के करीब रहती है। आईपीडी 150-200 के आसपास रहती है। मेडिसिन, सर्जरी में भर्ती रोगियों की सेवाओं में विस्तार करने हेतु निर्देशित किया। संभागीय आयुक्त ने अस्पताल में चिकित्सक ओपीडी चैंबर्स की संख्या, चिकित्सकों की संख्या, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं भर्ती रोगियों की जानकारी ली गई। नवजात शिशु ईकाई के निरिक्षण करते समय नवजात इकाई के प्रदेशभर में शीर्ष स्तर पर रहने पर सराहना की गई।

संभागीय आयुक्त ने अस्पताल की सेवाओं एवं चिकित्सकों एवं स्टाफ के व्यवहार के बारे में रोगियों से वार्डवार जानकारी ली। हरियाणा सीमा से सटे सूरजगढ़ निवासी कविता से स्वास्थ्य के बारे में पूछा। कविता ने बताया कि उसका द्वितीय प्रसव है। आज चार दिन से भर्ती है। कविता का पूर्व में भी सिजेरियन ऑपरेशन से ही प्रसव हुआ था। इसलिए द्वितीय प्रसव भी जटिल एवं सिजेरियन से होने की संभावना थी। इसी के मद्देनजर परिवारजनों एवं स्वयं ने सूरजगढ से दूर बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में प्रसव कराने की मंशा जाहिर की गई।

कविता ने बताया कि बीडीके अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन से प्रसव कराया गया है। प्रसूता कविता ने अस्पताल प्रशासन एवं अस्पताल की सेवाओं की सराहना करते हुए बताया कि अच्छी सेवाओं के कारण ही इतनी दूर हरियाणा सीमा से आए हैं। जहां एक ओर निजी अस्पताल में प्रसव करवाने पर लगभग 30-40 हजार का खर्चा आता है।

वहीं बीडीके अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन नि:शुल्क हुआ है तथा जेएसवाई के तहत 1000 रूपए भी में मिलेंगे तथा मेरे बेटी हुई है। इसलिए चरणबद्ध तरीके से लाडो योजना के तहत एक लाख रूपए भी बेटी को मिलेंगे। कविता ने संभागीय आयुक्त को सरकारी सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं पर प्रसन्नता जाहिर की। पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि बीडीके अस्पताल में 24 घंटे प्रसूति रोग विशेषज्ञ की ऑन-फ्लोर सेवाएं आरंभ की गई है। जिलेभर के सरकारी एवं निजी अस्पतालों में बीडीके एकमात्र अस्पताल है। जहां 24 घंटे ब्लड बैंक, सिजेरियन ऑपरेशन, ऑन-फ्लोर प्रसूति रोग विशेषज्ञ, निश्चेतन विशेषज्ञ एवं नवजात आईसीयू की सेवाएं उपलब्ध है।

संभागीय आयुक्त ने ब्लड बैंक के ब्लड स्टॉक, ब्लड कैम्प की स्थिति, प्रतिदिन ब्लड का अस्पताल में उपभोग के बारे में जानकारी ली। आपदा प्रबंधन के दौरान बीडीके अस्पताल द्वारा सीमावर्ती जिलों में 86 ब्लड यूनिट भिजवाने की सराहना की है। संभागीय आयुक्त पूनम ने दवा वितरण केंद्र का निरिक्षण, दवाओं की संख्या, दवाओं की आपूर्ति, रोगियों की संख्या के बारे में जानकारी ली एवं रोगियों को अधिकतम सेवाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। संभागीय आयुक्त ने अस्पताल में शल्य चिकित्सकों एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ को आपरेशन दर बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान आरएमओ डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. नावेद, डॉ. सलीम, डॉ. श्वेता पूनियां, सतवीर मान, ओमप्रकाश, मनोहरलाल उपस्थित रहे।

राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं का संभागीय आयुक्त पूनम ने निरीक्षण किया।

सार-समाचार

फुले फिल्म का 15वां शो भी रहा हाउसफुल

पाटन (निसं)। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले एवं नारी शिक्षा की जनक माता सावित्रीबाई फुले के संघर्ष पर आधारित ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक फिल्म फुले का 15वां शो भी शुक्रवार को हाउसफुल रहा। लक्ष्मी टॉकीज में दोपहर 12 बजे आयोजित इस शो में करीब 300 महिला, पुरुष व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।मेघवंश जागृति संस्थान द्वारा मातृत्व दिवस (11 मई 2025) के अवसर पर नीमकाथाना शहर में इस फिल्म के निशुल्क प्रदर्शन की शुरुआत की गई थी। अब तक इस जनजागृति अभियान के तहत लगभग 6000 से अधिक लोग यह फिल्म देख चुके हैं। पहले यह फिल्म 23 मई तक ही दिखाई जानी थी, परंतु दर्शकों की भारी मांग और बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए संस्थान ने इसकी निशुल्क प्रदर्शन अवधि 25 मई (रविवार) तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।आज के शो में असिस्टेंट प्रोफेसर महिपाल सिंह तंवर, राकेश सोनी, राकेश शर्मा, विजय यादव, राजमोहन यादव सहित अनेक शिक्षाविद् व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने फिल्म से प्रेरित होकर अपने सकारात्मक विचार साझा किए और समाज में जागरूकता लाने हेतु इस प्रयास की सराहना की।अम्बेडकर युवा मंच थोई के पदाधिकारी अरुण कुमार बिवाल के नेतृत्व में भी एक प्रतिनिधिमंडल फिल्म देखने पहुंचा। उन्होंने फिल्म से प्रभावित होकर इसकी अवधि बढ़ाने की मांग की और आश्वस्त किया कि वे थोई क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से अधिक से अधिक लोगों को नीमकाथाना भेजकर इस फिल्म का लाभ दिलाएंगे।आज के आयोजन को सफल बनाने में मैनेजमेंट कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पूर्ण रूप से सक्रिय रहे।

पाटन के राजकीय विद्यालयों ने रचा इतिहास

पाटन (निसं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 22 मई 2025 को घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पाटन ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सत्यप्रकाश टेलर ने सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं स्टाफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।ब्लॉक के समस्त राजकीय विद्यालयों का कला एवं विज्ञान वर्ग में 100 प्रतिशत परिणाम आना यह दर्शाता है कि शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत रंग लाई है। इस परीक्षा में 35 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालयों बल्कि पूरे ब्लॉक का मान बढ़ाया है। विशेष उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगा की नांगल की छात्रा कुमारी सर्वेश तंवर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया है। कुमारी सर्वेश, मिड डे मील योजना के तहत विद्यालय में भोजन पकाने वाली संगीता देवी की पुत्री हैं। उनकी यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि समर्पण, परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में रोडा नहीं बन सकती। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ पाटन ब्लॉक ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि समर्पित शिक्षकों और जुझारू विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

गर्मी में तपा चूरू

चूरू (निसं)। पिछले एक सप्ताह से गर्मी से आमजन का हाल बेहाल है। शुक्रवार दोपहर ढाई बजे तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आई। लोग सुबह 10 बजे से ही कूलर के सामने बैठने लगे और शाम 6 बजे के बाद ही घरों से बाहर निकले। नगर परिषद ने गर्मी से राहत देने के लिए शुक्रवार दोपहर सड़कों पर पानी का छिड़काव भी करवाया। दोपहर को पुराना बस स्टेण्ड, नया बस स्टेण्ड, पंखा सर्किल, कलेक्टेट सर्किल भी सुने नजर आए। सरकारी कार्यालयों में भी गर्मी का असर दिखाई दिया। लोग दोपहर के समय काम करवाने नहीं जा रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हीट वेव की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को उदयपुर, कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में दोपहर बाद मेघगर्जना के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में अगले 2-3 दिन उष्ण रात्रि का दौर जारी रहेगा। पूर्वी हवाओं के सक्रिय होने से राज्य के कुछ हिस्सों में तेज मेघगर्जना और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी आने की संभावना है।

मूर्ति स्थापना समारोह कल

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। शिव धाम मंदिर में जन सहयोग से निर्मित राधा कृष्ण मंदिर में दो दिवसीय मूर्ति स्थापना समारोह 24 से 25 मई तक आयोजित होगा। आयोजित मूर्ति स्थापना सुनीता देवी धर्मपत्नी हरिराम सैनी सुपुत्र रामदत्त सैनी व सज्जन कुमार सोनी सुपुत्र दुर्गादत सोनी के कर कमलों से होगी। कार्यक्रम के पहले दिन 24 मई को प्रात: 8.15 बजे मूर्ति पूजन, धनादिवास,जलाधिवास,सयादिवास व शाम को 4.15 बजे हवन होगा। जबकि 25 मई को प्रात: 8.30 बजे नगर भ्रमण व कलश यात्रा, प्रात: 11.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व मूर्ति अनावरण, दोपहर 2.30 बजे महिला कीर्तन, शाम 7.30 बजे से भोजन प्रसादी व रात्रि 9 बजे से जागरण होगा। इस अवसर पर बऊ धाम के रोशन नाथ महाराज ,श्रीशील जति आश्रम भोजासर बडा के शिवराज जति महाराज,शिवमठ धाम गाडोदा के महावीर जति महाराज,बिदावत मंदिर लक्ष्मनगढ के दिलीपदास महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में संतों के कर कमलों से मूर्ति का अनावरण होंगा।

73 वीरों को श्रद्धांजलि दी

झुंझुनूं, (निसं)। उदावास स्थित देवनारायण मंदिर पर शहीद स्मारक पर शुक्रवार को गुर्जर समाज के लोगों ने गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान 2007-2008 में पुलिस की गोली लगने से 73 लोगों ने अपनी शहादत दी थी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद स्थल पर दो मिनट का मौन धारण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि आईटीआई की बदौलत है कि आज गुर्जर समाज की बेटी और बेटियां बडे-बडे अधिकारी पदों पर नौकरी लगे हैं। शहीदों की कुर्बानियों को कभी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। इस मौके पर देवनारायण मंदिर के बचानाराम गुर्जर, देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर, देवलांचर टेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष भोलाराम गुर्जर, जीकेप के अध्यक्ष सुभाष खटाना, प्रभु गुर्जर, मनीष गुर्जर, अरविंद गुर्जर अधाणा सहित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर राजस्थान
सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959
की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन